<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 06.06.2026 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन आज से दो दिवसीय झारखंड दौरे पर, रांची में प्रदेश कोर कमेटी, सांसदों और विधायकों के साथ संगठनात्मक तैयारियों की करेंगे समीक्षा।

2. राज्य में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध व्यापार की सूचना देने वालों को मिलेगा इनाम, सरकार ने जारी की अधिसूचना।

3. रांची में आज और कल सभी मतदान केंद्रों पर लगेंगे विशेष मतदाता शिविर; उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने राजनीतिक दलों से मांगा सहयोग।

4. देश में मानसून के दस्तक देते ही झारखंड में बदला मौसम; रांची समेत कई इलाकों में आज और कल भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट।

और

5. जापान में अंडर–18 एशिया कप हॉकी के फाइनल में पहुंची भारतीय पुरुष टीम, झारखंड के आशीष तनी पूर्ति की शानदार हैट्रिक से सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 5–3 से रौंदा।

*********************

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन आज अपने दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। उनके आगमन को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। अपने प्रवास के दौरान वे रांची में प्रदेश कोर कमेटी, सांसदों और विधायकों के साथ संगठनात्मक बैठकों में भाग लेकर आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे।

*********************

झामुमो द्वारा राज्यसभा की दोनों सीटों पर प्रत्याशी उतारने के बाद रांची में कांग्रेस विधायक दल की अहम बैठक हुई। प्रदेश प्रभारी के. राजू की मौजूदगी में विधायकों ने आपसी एकजुटता का संकल्प लिया। विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि गठबंधन को मजबूत रखने के लिए जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर मतभेद दूर किए जाएंगे।

*********************

इससे पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा था कि पार्टी ने कांग्रेस के साथ हमेशा एकतरफा प्यार निभाया है। उन्होंने दोनों राज्यसभा सीटों पर झामुमो का हक जताते हुए स्पष्ट किया कि पार्टी अपने रुख से पीछे नहीं हटेगी।

*********************

रांची में भाजपा विधायक दल की बैठक में राज्यसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई। मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने कहा कि पार्टी एक सीट पर चुनाव लड़ेगी, इसके लिए प्रत्याशी जल्द घोषित होगा। महागठबंधन में सीट बंटवारे के विवाद के बीच भाजपा ने आंकड़ों की कमजोरी के बावजूद अपनी जीत का दावा किया है।

*********************

झारखंड सरकार ने मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए नई इनाम योजना की अधिसूचना जारी की है। इसके तहत नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार और उत्पादन की सूचना देने वाले आम लोगों को पुरस्कृत किया जाएगा। सरकार का उद्देश्य युवा पीढ़ी को इसके दुष्प्रभावों से बचाना और समाज में नशीले पदार्थों की मांग को कम करना है।

*********************

रांची में नशे के खिलाफ दो दिवसीय विशेष मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, सीआईपी और रिनपास के विशेषज्ञों ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। विशेषज्ञों ने कहा कि तनाव और सामाजिक समस्याओं के कारण युवा भटक रहे हैं, लेकिन सही काउंसलिंग और उपचार से नशामुक्ति संभव है।

*********************

रांची जिला पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इन उग्रवादियों ने नगड़ी क्षेत्र के एक कारोबारी से वर्चुअल कॉल के जरिए 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। एएसपी अजय आर्यन के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तुपुदाना क्षेत्र से दोनों को धर दबोचा।

*********************

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने गुमला में तीन जिलों के जनजातीय मामलों की सुनवाई की। उन्होंने गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा से जुड़े भूमि विवाद और शिक्षा जैसे 16 मामलों की समीक्षा की। बैठक के बाद डॉ. लकड़ा ने बताया कि अधिकारियों को जनजातीय अधिकारों के संरक्षण के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गये हैं।

*********************

रांची में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर आज और कल सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगेंगे। इस सिलसिले में रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। उन्होंने ने मतदाता सूची की शुद्धता के लिए राजनीतिक दलों से सक्रिय भागीदारी और बीएलओ से समन्वय का आग्रह किया।

*********************

गिरिडीह में विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची अभियान को लेकर जिला प्रशासन और राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं। जिला उप निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र कुमार ने पीरटांड़ में बीएलओ के साथ बैठक कर मैपिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए।

वहीं भाजपा और झामुमो कार्यकर्ता भी मतदाताओं की मैपिंग के लिए अभियान चलाएंगे।

*********************

विश्व पर्यावरण दिवस पर रांची में पर्यावरण संरक्षण की धूम रही। झारखंड जगुआर ने टेंडरग्राम में आईजी अनूप बिरथरे की अगुवाई में विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया। वहीं, राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की ओर से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को पर्यावरण दूत बनने का सामूहिक संकल्प दिलाया गया।

*********************

देश में मानसून के आगमन के बाद झारखंड में भी मौसम का मिजाज बदल रहा है। मौसम विभाग ने आज और कल रांची तथा आसपास के इलाकों में गरज–चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है। कुछ क्षेत्रों में तेज हवा और वज्रपात की भी आशंका है, जो मानसून के आगे बढ़ने के अनुकूल है।

*********************

जापान में अंडर–18 एशिया कप हॉकी के सेमीफाइनल में भारतीय पुरुष टीम ने पाकिस्तान को 5–3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मैच में झारखंड के आशीष तनी पूर्ति ने अंतिम क्वार्टर में शानदार हैट्रिक लगाकर भारत को जीत दिलाई। वहीं, महिला टीम पेनाल्टी शूटआउट में चीन से हारकर बाहर हो गई है।

*********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य में राज्यसभा चुनाव में उत्पन्न सीट विवाद की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– राज्यसभा चुनाव में रारः झामुमो बोला– एक तरफा प्यार कब तक, दोनों सीटों पर ठोंका दावा।
**प्रभात खबर** के शब्द हैं– नहीं रुक रहा प्रिंस खान की धमकियों का सिलसिला, रांची में दो बड़े कारोबारियों के बाद अब चन्द्रगुप्त परियोजना के अधिकारी से मांगी रंगदारी।
**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– बोकारो के नीलकंठ विश्व बैंक में भारत के ईडी बने।
**दैनिक जागरण** लिखता है– बाइक खरीदवाने की जिद में चढ़ा टावर पर, चार राज्यों की बिजली रही ठप।

*********समाप्त*************